# राजा महेन्द्र प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, अलीगढ़

Email:- registrar.rmpu@gmail.com

पत्रांकः आर0एम0पी0यू0 /241/ 2026 दिनांकः 18फरवरी,2026

संशोधित

सेवा में,

प्राचार्य महोदय/महोदया,
समस्त/सम्बद्ध महाविद्यालय,
राजा महेन्द्र प्रताप सिंह विश्वविद्यालय
अलीगढ़।

विषयः दिनांक 24 फरवरी 2026 को आयोजित बृहद रोजगार मेले में प्रतिभाग हेतु छात्र–छात्राओं को प्रोत्साहित किए जाने के संबंध में।

महोदय/महोदया,

उपरोक्त विषय के संदर्भ में अवगत कराना है कि निदेशक, सेवायोजन निदेशालय, उ०प्र०, लखनऊ के आदेश संख्या 17/ई–2/उ०रोजगार मिशन/आउटरीच/प्लेसमेंट/2025, दिनांक 21 जनवरी 2026 के अनुपालन में रोजगार मिशन के अंतर्गत एक बृहद रोजगार मेला आयोजित किया जा रहा है।

उक्त के निर्देशन में दिनांक 24 फरवरी 2026 को प्रातः 10:00 बजे से क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय, राजकीय आई.टी.आई., छात्रावास परिसर, अलीगढ़ में बृहद रोजगार मेले का आयोजन प्रस्तावित है, जिसमें निजी क्षेत्र की लगभग 50 से 60 प्रतिष्ठित कम्पनियों द्वारा प्रतिभाग किया जाएगा। रोजगार मेले में विभिन्न पदों हेतु अभ्यर्थियों का साक्षात्कार एवं चयन किया जाएगा।

अतः अपने महाविद्यालय में अध्ययनरत अंतिम वर्ष एवं उत्तीर्ण छात्र–छात्राओं को उक्त बृहद रोजगार मेले में अधिक से अधिक संख्या में प्रतिभाग करने हेतु अपने स्तर से निर्देशित/प्रोत्साहित करने का कष्ट करें, जिससे वे निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसरों का लाभ उठा सकें।

18-2-26
(प्रबुद्ध सिंह)
पी0सी0एस0
कुलसचिव

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतुः–

1. मुख्य विकास अधिकारी, अलीगढ़ को सादर सूचनार्थ।
2. सहायक निदेशक (सेवायोजन), अलीगढ़ मण्डल अलीगढ़।
3. प्रभारी वेबसाइट, राजा महेंद्र प्रताप सिंह विश्वविद्यालय अलीगढ़।
4. निजी सचिव, मा0 कुलपति जी, को मा0 कुलपति जी के संज्ञानार्थ।
5. गार्ड फाइल।

कुलसचिव

Scanned by Camera Scanner

प्रेषक,

सहायक निदेशक(सेवायोजन)
क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय
अलीगढ़ मण्डल, अलीगढ़ ।

सेवामें,

कुल सचिव,
राजा महेन्द्र प्रताप सिंह, विश्वविद्यालय,
अलीगढ़ ।

पत्रांक रोजगार मिशन / वृहद रोजगार मेला / 2025–26 / ρ- 41-42 दिनांक 11–02–2026

विषयः–<u>दिनांक 24 फरवरी 2026 को प्रातः 10:00 बजे से क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय,राजकीय आई0 टी0आई, छात्रावास परिसर, अलीगढ़ में वृहद रोजगार मेला आयोजन के सम्वन्ध में</u> ।

महोदय,

उपरोक्त विषयक विभागाध्यक्ष निदेशक, सेवायोजन निदेशालय, उ0प्र0, लखनऊ के आदेश संख्याः 17 / ई–2 / उ0प्र0रो0 मिशन / ओवरसीज / प्लेसमेन्ट / 2025, दिनांक 21 जनवरी 2026, के द्वारा "रोजगार मिशन" के अर्न्तगत एक "वृहद रोजगार मेला" आयोजित किये जाने के निर्देश दिये गये हैं। इस कम में जिलाधिकारी महोदय, अलीगढ़ के द्वारा दिनांक 24–02–2026 को प्रातः 10 बजे से स्थान–क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय राजकीय आई0टी0आई0, छात्रावास परिसर, अलीगढ़ में उक्त वृहद रोजगार मेले के आयोजन का अनुमोदन प्रदान किया गया है। इस वृहद रोजगार मेले में निजी क्षेत्र की 50 से 60 प्रतिष्ठित कम्पनियों के द्वारा प्रतिभाग किया जायेगा तथा रोजगार मेले में प्रतिभागी अभ्यर्थियों का साक्षात्कार के उपरान्त सफल अभ्यर्थियों को ऑफर लैटर प्रदान किये जायेंगे ।

उक्त परिपेक्ष्य में अनुरोध है, कि जनपद अलीगढ़ में राजा महेन्द्र प्रताप सिंह, विश्वविद्यालय, से सम्यद्ध समस्त महाविद्यालयों को विगत दो वर्ष में उत्तीर्ण हुए अभ्यर्थियो को उक्त वृहद रोजगार मेले में प्रतिभाग करने हेतु अपने स्तर से निर्देशित करने का कष्ट करें। जिससे कि अधिक अधिक अभ्यर्थी निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर का लाभ प्राप्त कर सकें ।

भवदीय

( डा0पी0पी0सी0शर्मा )
सहायक निदेशक (सेवायोजन)
अलीगढ़ मण्डल, अलीगढ।

पत्रांक रोजगार मिशन / वृहद रोजगार मेला / 2025–26 / तद्दिनांकित्

<u>प्रतिलिपिः–सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु ।</u>

उप कुलपति महोदय, राजा महेन्द्र प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, अलीगढ़ ।

सहायक निदेशक (सेवायोजन)
अलीगढ़ मण्डल अलीगढ ।

Scanned by Camera Scanner